# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 04.04.2020

## समाचार स्वरूप प्रकाशनार्थ
### अच्छा है एक दीप जलाए डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह

4 अप्रैल गोरखपुर। 5 अप्रैल दिन रविवार को रात्रि 9.00 बजे प्रत्येक देशवासी अपने घर में रहते हुए दीपक मोमबत्ती टॉर्च या मोबाइल का फ्लैश जलाकर अपनी बालकनी में खड़े होंगे और इस 9 मिनट की अवधि के लिए अपने घर के सारे लाइट बुझा कर रखेंगे। यह आह्वाहन हमारे मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया है। इस आलोक में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र प्रताप सिंह का यह स्पष्ट मत है कि कोई भी लड़ाई उच्च मनोबल के सहारे ही जीती जा सकती है और जब हम इस प्रकार की गतिविधि में सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए अपने घर के छत या बालकनी में अपने हाथ में दिया लिए होंगे तो उसकी निकलती रोशनी साफ–साफ यह दिखाएगी कि हम सभी एक साथ हैं और यह रोशनी हम सभी को इस कोरोना वायरस के कारण छाए अंधेरे से बाहर निकालेगी, देश विजयी होगा। हर हिंदुस्तानी के लिए वह सुखद पल होगा और सीधा संदेश जाएगा, एक का मतलब सब और सब का मतलब एक। यही हौसला हमें तमाम विसंगतियों के बावजूद भी इस वायरस से लड़ने और जीतने के लिए शक्ति प्रदान करेगा।

महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों और समाज के सभी लोगो से भी प्राचार्य डॉ. सिंह ने कोरोना के विरुद्ध इस लड़ाई में शासन के निर्देशों का अनुपालन करने, हौसला बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान ना देने, लॉक–डाउन के इस घड़ी में पूरी तरह सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए स्वयं को और अपने से जुड़े सभी लोगों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए कृतसंकल्पित रहने का आह्वाहन किया है और 5 अप्रैल को रात्रि 9.00 बजे अपने घर की लाइटों को बुझा कर छत या बालकनी में खड़े होकर, एक–एक दीप जलाने का आग्रह भी किया है।

डॉ शैलेश कुमार सिंह
मीडिया प्रभारी